بسم اللہ الرحمن الرحیم
جماعت اسلامی ہند
© : 91-11-26941401
26951409, 26948341
Fax : 91-11-26950975
Jamaat-e-Islami Hind जमाअत इस्लामी हिन्द
D-321, DAWAT NAGAR, ABUL FAZL ENCLAVE, JAMIA NAGAR, NEW DELHI - 110 025
e-mail : markazjih@gmail.com www.jamaateislamihind.org

Ref. No. .... Date : ....

प्रेस विज्ञप्ति

ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन एक लोक कल्याणकारी संस्था है

जमाअत इस्लामी हिन्द का इससे कोई संगठनात्मक और क़ानूनी संबंध नहीं है

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। जमाअत इस्लामी हिन्द के मीडिया प्रभारी सैयद तनवीर अहमद ने एक प्रेस बयान में कहा है कि मीडिया स्त्रोत के अनुसार एनआईए ने आज दिल्ली के कुछ जगहों पर छापे मारे और दस्तावेज़ात ज़ब्त किए। इस कार्रवाई के तहत ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के दफ्तर पर भी छापा मारा गया है। इसके बाद कुछ न्यूज़ चैनलों ने जिनमें खासतौर पर रिपब्लिक टीवी शामिल है ने मामले को इस तरह पेश करना शुरू कर दिया जैसे कि फाउंडेशन जमाअत इस्लामी हिन्द का कोई मातहत संस्था है। जबकि फाउंडेशन एक अलग और आज़ाद संस्था है, वह न तो जमाअत के तहत कोई संस्था है और न ही इससे जमाअत को कोई संगठनात्मक और क़ानूनी संबंध है।

हम मीडिया से कहना चाहते हैं कि वह अनुचित जमाअत इस्लामी हिन्द को इस मामले में घसीटने की कोशिश न करे। जमाअत ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। जमाअत को बदनाम करने की इस शर्मनाक कोशिश को हरगिज़ क़बूल नहीं किया जाएगा। इस सिलसिले में जमाअत इस्लामी हिन्द अपने क़ानूनी सलाहकारों की सलाह से इसके ख़िलाफ़ क़ानूनी कार्रवाई के बारे में भी विचार कर रही है।

द्वारा जारी

मीडिया प्रभाग, जमाअत इस्लामी हिन्द